# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)
रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

## कार्यालय-आदेश

दैनिक समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' में दिनांक 12.07.2026 को प्रकाशित खबर तथा बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पटना के पत्रांक 1297 दिनांक 29.07.2026 द्वारा प्रतिवेदन किया गया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलुआ बसंत, प्रखंड-लालगंज, वैशाली में शुक्रवार को छुट्टी के समय वर्ग 05 का छात्र प्रिंस राज कक्षा में ही सोया रह गया और रसोइया द्वारा बिना देखे कमरे में ताला मार दिया गया एवं विद्यालय में पदस्थापित सभी शिक्षक एवं रसोईया अपने घर चली गई, जबकि विद्यालय एवं कमरे में ताला लगाने की जवाबदेही विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा पदस्थापित शिक्षकों/कर्मी की थी तथा इस घटना की खबर किसी भी स्तर से जिला कार्यालय अथवा प्रखंड कार्यालय को विद्यालय के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। बच्चों की सुरक्षा में हुई इस गंभीर लापरवाही के लिए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित तथा विद्यालय में पदस्थापित अन्य सभी शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

उक्त के आलोक में वैशाली जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी विद्यालय/ निजी विद्यालय/ सहायता प्राप्त विद्यालय को निदेश दिया जाता है कि विद्यालय के वर्ग कक्ष एवं विद्यालय बंद करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेंगे की विद्यालय में कोई भी छात्र-छात्रा उपलब्ध नहीं है। यह सुनिश्चित करने के पश्चात ही विद्यालय में कार्यरत विद्यालय प्रधान तथा सभी शिक्षक/कर्मी विद्यालय से प्रस्थान करेंगे। अगर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होती है तो पूरे विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई किया जाएगा जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

7.9.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः-2063 हाजीपुर दिनांकः-07/09/26

प्रतिलिपिः-सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/ सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/ सभी जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी विद्यालय/ निजी विद्यालय/ सहायता प्राप्त विद्यालय के प्रधान एवं सभी शिक्षक, जिला-वैशाली को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः-जिला पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

7-9.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

07/9/26